दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Govt. Registered Social Justice Union

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 06 जनवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 100

## महत्वपूर्ण एवं खास

### गोवा के नए एयरपोर्ट पर धारा 144 लागू

**पणजी (आरएनएस)।** गोवा सरकार ने नए मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे-मोपा के आसपास धारा 144 लागू कर दी है। जिला मजिस्ट्रेट उत्तरी गोवा द्वारा आदेश में कहा गया है कि नवनिर्मित मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, मोपा के लिए नियमित उड़ान पांच जनवरी से शुरू होगी। तालुका, मोपा, वारखंड, नागजार और चंदेल 'टुगेदर फॉर पेडनेकर्स' के बैनर तले विरोध प्रदर्शन करने वालों की मांग है कि उन्हें अपनी टैक्सियों को पीली-काली टैक्सी के रूप में पंजीकृत करने और हवाई अड्डे पर अलग काउंटर और ओला और उबर टैक्सियों पर प्राथमिकता दी जाए। जिलाधिकारी ने गुरुवार से अगले 60 दिनों तक पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने और जुलूस निकालने पर रोक लगा दी है।

### भारत में विदेशी यूनिवर्सिटीज को ऑनलाईन कार्यक्रमों की इजाजत नहीं, यूजीसी ने जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में शाखाएं खोलने वाले विदेशी विश्वविद्यालयों को ऑनलाइन कक्षाओं की अनुमति नहीं मिलेगी। यूजीसी प्रमुख एम जगदीश कुमार ने कहा कि भारत में परिसर स्थापित करने वाले विदेशी विश्वविद्यालयों को अपनी स्वयं की प्रवेश प्रक्रिया तैयार करने की स्वतंत्रता होगी। यूजीसी ने साफ किया है कि भारत में कैंपस स्थापित करने वाले विदेशी विश्वविद्यालय केवल भौतिक मोड में पूर्णकालिक कार्यक्रम जारी कर सकते हैं, न कि ऑनलाइन या दूरस्थ शिक्षा से पढ़ाई नहीं करा सकते हैं। यूजीसी ने यह भी बताया है कि देश के बाहर जाने वाला पैसा विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के अनुसार ही होगा।

### अमित शाह त्रिपुरा में जन विश्वास यात्रा को दिखाएंगे हरी झंडी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनावों की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य में बीजेपी की जन विश्वास यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। राज्य में दो जगहों से यात्रा की शुरुआत की जाएगी। भारतीय जनता पार्टी की राज्य समिति ने दस दिग्गज नेताओं को प्रचारक के रूप में इस यात्रा में शामिल होने का प्रस्ताव दिया है। भारतीय जनता पार्टी त्रिपुरा राज्य में पार्टी को और अधिक मजबूत करने के लिए जन विश्वास यात्रा निकाल रही है। इसकी शुरुआत केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे। उत्तर त्रिपुरा में शुरू होने वाली जन विश्वास यात्रा धर्मनगर से सुबह 11.30 बजे शाह की मौजूदगी में शुरू होगी। वहीं दूसरी तरफ दक्षिण त्रिपुरा से शुरू होने वाली रथ यात्रा को दोपहर 2.30 बजे सबरूम से अमित शाह हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव 2024 में अभी करीब डेढ़ साल का वक्त बचा है, लेकिन भाजपा ने अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसकी कमान संभाली है केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने। अमित शाह अकेले जनवरी महीने में ही 11 राज्यों का दौरा करने वाले हैं।

## जोशीमठ में विकराल रूप ले रहा भू-धंसाव, कई परिवार हुए शिफ्ट; एशिया की सबसे लंबी रोपवे बंद

**जोशीमठ(आरएनएस)।** उत्तराखंड के चमोली जिले के जोशीमठ में हो रहे भू-धंसाव ने अब विकराल रूप ले लिया है। अब स्थिति यह है कि भू-धंसाव ने अब सभी वार्डों को चपेट में ले लिया है। बीती रात को अचानक मकानों में दरारें आने लगीं जिससे पूरे नगर में दहशत फैल गई।

इसी के चलते जोशीमठ में एशिया की सबसे लंबी रोपवे सेवा पर्यटकों के लिए बंद कर दी गई। रोपवे के टावर नंबर 1 पर जमीन धंसने की वजह से ये फैसला लिया गया। चमोली जिले के जोशीमठ में कुछ दिनों से जमीन धंसने और जमीन के नीचे से पानी रिसने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसके चलते यहां कई इलाकों में लोगों के मकान जमीन के अंदर धंस रहे हैं। दीवारों पर बड़ी-बड़ी दरारें आ रही हैं। इसे लेकर लोग दहशत में हैं। इसे लेकर पिछले कई दिनों से जोशीमठ में लोग प्रदर्शन भी कर रहे हैं। वहीं बुधवार को जेपी कॉलोनी के 50 प्रभावितों को कंपनी ने और अलग-अलग वार्डों से 16 प्रभावित परिवारों को प्रशासन ने सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया।

जोशीमठ में जमीन धंसने के विरोध में लोगों ने बंद बुलाया है। व्यापार सभा और टैक्सी यूनियन ने भी इस बंद का समर्थन किया है। लोग लगातार सडक़ों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में चमोली देहरादून की तरफ जाने वाले मार्ग पर जाम लग गया। पर्यटकों की गाडिय़ों भी इस जाम में फंस गईं।



जोशीमठ को बद्रीनाथ का द्वार माना जाता है। यहां पिछले कुछ दिनों से जमीन धंस रही है। जोशीमठ में 9 वार्डों के 513 मकानों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं। घरों के अलावा दुकानों और होटलों की दीवारों में भी दरारें आ गई हैं। लोगों का कहना है कि यहां बनने वाली तपोवन विष्णुगढ़ जल विद्युत परियोजना की टनल यानी सुरंग के कारण जोशीमठ में जमीन धंस रही है।

जोशीमठ सैकड़ों की संख्या में लोग सडक़ पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। लोगों ने बुधवार रात मशाल जुलूस निकालकर हृञ्जक्क्कष्ट जल विद्युत परियोजना का विरोध किया। लोगों का कहना है कि जमीन के नीचे से रिस रहे पानी का बहाव भी तेज हो गया है। जगह जगह से पानी निकल रहा है। घरों में बड़ी बड़ी दरारें पड़ रही हैं। जोशीमठ मारवाड़ी वार्ड में पानी के रिसाव से लोग दहशत में हैं। यहां जेपी कंपनी के 35 भवन खाली कर दिए गए हैं। यहां पानी का जलस्तर दोगुना हो गया है। छह से सात जगहों पर जमीन के अंदर से पानी निकलता हुआ दिखाई दे रहा है।

उत्तराखंड के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता अनूप नौटियाल ने इस मामले में चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जोशीमठ में जिस तरह के हालात पैदा हो रहे हैं, उस पर जल्दी ही अगर संज्ञान नहीं लिया गया, तो एक बड़ी आपदा हो सकती है।

जोशीमठ में पिछले कुछ दिनों बहुत तेजी से नुकसान में इजाफा हुआ है। इस पर त्वरित करवाई करने की जरूरत है। वहा के स्थानीय लोग भी लगातार अपनी आवाज उठा रहे हैं। यह इलाका समुद्र तल से करीब छह हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है और सिस्मिक जोन 5 में आता है। यानी प्राकृतिक आपदाओं के लिहाज से काफी संवेदनशील है। यहां पिछले कुछ दिनों में भूधंसाव में काफी तेजी आई है।

## 50 हजार लोगों के आशियाने पर फिलहाल नहीं चलेगा बुल्डोजर

### सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक

**नई दिल्ली** । आरएनएस



उत्तराखंड के हल्द्वानी में रह रहे करीब 50 हजार लोगों को देश की सर्वोच्च अदालत ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाने के हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि 7 दिन में अतिक्रमण हटाने का फैसला सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि गफूर बस्ती में अतिक्रमण हटाने से करीब 50 हजार परिवार प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिसर एक्ट के तहत यह कार्रवाई मान्य नहीं है। दूसरी ओर, उत्तराखंड सरकार का कहना है कि गफूर बस्ती रेलवे की जमीन पर बसी है। यहां रहने वाले लोगों ने रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण किया है। सुनवाई के दौरान जस्टिस कौल ने कहा कि इस मामले को मानवीय नजरिए से देखना चाहिए। हम सात दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने का आदेश कैसे दे सकते हैं। लोगों के घरों को ध्वस्त करने से पहले पुनर्वास का काम कराया जाना चाहिए। कुछ लोगों के पास 1947 के समय के जमीन पट्टे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि गफूर बस्ती की कितनी जमीन राज्य सरकार की है और कितनी रेलवे की?

दरअसल इन लोगों पर आरोप है कि हल्द्वानी में ये लोग परिवार रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण करके रहते हैं। इस मामले में हाईकोर्ट ने दिसंबर 2022 में रेलवे को अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था।

## गोलीबारी से फिर दहल उठा अमेरिका, उटा में एक ही घर के 5 बच्चों समेत 8 लोगों की हत्या

**वाशिंगटन।** नॉर्थ अमेरिका के उटा राज्य से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। उटा के इनोक में अंधाधुंध गोलीबारी की खबर है, जिसमें आठ लोगों की दर्दनाक मौत हुई है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि उटा के ग्रामीण इलाके में एक घर के भीतर आठ लोगों के शव बरामद हुए हैं, जिनकी गोली मारकर हत्या की गई है। मृतकों में तीन व्यस्क और पांच बच्चे शामिल हैं।




लोकल पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार की है। सभी मृतकों के शरीर पर गोली लगने के निशान हैं। मौके पर पुलिस मौजूद है और टीम घटना की वजह का पता लगाने की कोशिश कर रही है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। अभी तक हमलावर के बारे में पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है।

बता दें कि इससे पहले अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में मंगलवार रात हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 8 वर्षीय एक बच्चे सहित तीन लोग घायल हो गए थे। मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग का कहना था कि शाम लगभग छह बजे गोलीबारी के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई।

## राजौरी हत्याकांड : हिंदुओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आतंकवादियों के खिलाफ सड़कों पर उतरे मुस्लिम

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू के राजौरी जिले के धनगरी गांव में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने दो नाबालिगों सहित छह लोगों की हत्या कर दी। इससे पूरे जम्मू-कश्मीर में आक्रोश व्याप्त है। आतंकवादियों ने 1 जनवरी को हिंदू समुदाय के सदस्यों के तीन घरों पर गोलीबारी की। इससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। 2 जनवरी को दो नाबालिगों की उस समय जान चली गई, जब आतंकवादियों द्वारा हमला किए गए घरों में से एक में रखे गए आईईडी में विस्फोट हो गया।



इस जघन्य हत्याकांड ने सभी को झकझोर कर रख दिया। मुसलमानों ने हिंदू समुदाय के सदस्यों की लक्षित हत्याओं की निंदा की और डोडा, किश्तवाड़ और राजौरी जिलों में पाकिस्तान विरोधी प्रदर्शनों में शामिल हुए।

नागरिकों की हत्या के खिलाफ बंद का आह्वान मुस्लिम संगठनों के एक समूह मजलेस-ए-शौरा व हिंदू संगठनों द्वारा किश्तवाड़ और डोडा जिलों में किया गया था। बंद के आह्वान के जवाब में डोडा, किश्तवाड़, रामबन और राजौरी जिलों में दोनों समुदायों के व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे।

जामिया मस्जिद किश्तवाड़ के इमाम फारूक अहमद किचलू सहित मुसलमानों ने आतंकवादियों द्वारा निर्दोष हिंदुओं की बर्बर हत्याओं की एक स्वर से निंदा की। उन्होंने पाकिस्तान और उसके द्वारा प्रायोजित आतंकवादियों को स्पष्ट संदेश दिया कि जम्मू-कश्मीर के लोग चुनिंदा हत्याओं को अंजाम देकर दोनों समुदायों के बीच खाई पैदा करने के अपने मंसूबे को सफल नहीं होने देंगे।

किश्तवाड़, डोडा और रामबन जिलों में मुस्लिम विद्वानों ने आतंकवादियों को याद दिलाया कि इस्लाम शांति का धर्म है और यह निर्दोषों की हत्या करने का उपदेश नहीं देता है। उन्होंने हत्यारों के लिए सख्त सजा की मांग की।

## कर्नाटक में सड़क दुर्घटना में छह तीर्थयात्रियों की मौत, 16 घायल

**बेलगावी(आरएनएस)।** बेलगावी जिले के चुनचनुरा गांव के पास गुरुवार तडक़े एक सडक़ दुर्घटना में छह तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान हनुमव्वा (25), दीपा (31), सविता (17), सुप्रीता (11), इंदिराव्वा (24) और मारुथी (42) के रूप में हुई। मृतक हुलंडा गांव से प्रसिद्ध सौंदत्ती यल्लम्मा मंदिर की ओर जा रहे थे। यह घटना तब हुई जब चालक के नियंत्रण खो देने के बाद एक मोड़ पर बरगद के पेड़ से टकराने के बाद बोलेरो पलट गई।




पुलिस ने कहा कि तीर्थयात्री मंदिर की ओर जा रहे थे। बीच रास्ते में वे बोलेरो पर बैठ गए।

उनके बोलेरो में सवार होने के कुछ ही मिनटों बाद हुई दुर्घटना में पांच लोगों की मौके पर ही और एक अन्य की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुआ।

बोलेरो मालवाहक वाहन में 23 यात्री सवार थे। इस घटना में लगभग 16 लोग घायल हो गए और उन्हें नजदीकी अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) संजीव पाटिल मौके पर पहुंचे।

जल संसाधन मंत्री और जिला प्रभारी गोविंदा काराजोल ने पीड़ितों के परिवारों को 5 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की है। उन्होंने मौतों पर शोक व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की की कामना की। कटकोला पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### यूपी में दोहराया दिल्ली का खौफ, महिला को ट्रक ने मारी टक्कर, 3 किमी तक घसीटा

**बांदा (आरएनएस)।** दिल्ली में जहां लडक़ी को कार से घसीटने को लेकर जहां आक्रोश है, वहीं उत्तर प्रदेश में भी ऐसी ही एक घटना सामने आई है, जहां स्कूटी सवार एक महिला को एक ट्रक ने टक्कर मार दी और 3 किमी तक घसीटा। यह घटना बांदा जिले के मवई बुजुर्ग गांव में हुई। शुरुआती खबरों के मुताबिक महिला का शव ट्रक के चेसिस में फंसने के कारण ट्रक में आग लग गई। पीड़िता की स्कूटी भी जलकर राख हो गई। आग बुझाने के लिए दमकल की गाडिय़ां मौके पर पहुंचीं और पुलिस ने ट्रक से मृतका के शव को बाहर निकाला। पीडि़ता का नाम पुष्पा है, वह एक यूनिवर्सिटी में क्लर्क के पद पर कार्यरत थी। वह घर का सामान लेने के लिए निकली थी, तभी हादसा हो गया। हादसे के बाद ट्रक महिला को 3 किमी तक घसीटता ले गया। कई राहगीरों ने ट्रक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक नहीं रुका।

## कानपुर में महिला से छेड़छाड़ के आरोप में दो पुलिसकर्मी निलंबित

**कानपुर (आरएनएस)।** कानपुर में रात में घर में घुसकर एक महिला से छेड़छाड़ करने के आरोप में दो पुलिस कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया गया है। इलाके में हाथापाई की सूचना मिलने पर दोनों सिपाही नौबस्ता थाना क्षेत्र के लालपुर चौराहे पर पहुंचे। हाथापाई एक सब्जी विक्रेता और एक व्यक्ति के बीच हुई, जो पुलिस को देखकर मौके से भाग गया।




कुछ देर बाद शराब के नशे में धुत पुलिसकर्मी सब्जी विक्रेता के घर में घुस गए और उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी।

महिला के शोर मचाने पर क्षेत्र के लोगों ने दोनों सिपाहियों का पीछा कर पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलते ही एडीसीपी समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। पुलिस अधिकारी ने कहा, महिला द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। दोनों कांस्टेबलों को निलंबित कर कार्रवाई की जा रही है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें पीड़िता आरोपी पुलिसकर्मी को थप्पड़ मारती नजर आ रही है।

## नई मुसीबत! इंटरनेशनल यात्रियों की टेस्टिंग के दौरान भारत में मिले ओमिक्रॉन के 11 सब वेरिएंट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में इंटरनेशनल यात्रियों की टेस्टिंग के दौरान ओमिक्रॉन के 11 सब वेरिएंट मिलने की पुष्टि हुई है। इन 11 सब वेरिएंट में एक्सबीबी 1, 2, 3, 4,5 की संख्या सबसे अधिक पाई गई। वहीं बीए.5, बीक्यू 1.1 एण्ड बीक्यू1.122, बीक्यू1.1.5, सीएच1.1, सीएच.1.1.1, बीएफ.7.4.1, बीबी3 भी संक्रमितों में देखने को मिला है।



लेकिन राहत की बात भी यह भी है कि अब तक किसी वेरिएंट का खास असर देखने को नहीं मिला है। एक्सपर्ट्स के अनुसार इन सभी वेरिएंट पर भारतीय टीकों ने संतोषजनक असर दिखाया है, इसलिए फिलहाल नई वैक्सीन की जरूरत नहीं महसूस हुई है।

गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक 24 से 4 जनवरी के बीच में कुल 19,227 अंतरराष्ट्रीय मुसाफिरों की स्क्रीनिंग की गई है। इस बीच विदेश से आने वाले 124 लोग अब तक पॉजिटिव पाए गए हैं, जिन्हें आइसोलेट किया गया है। वहीं इन संक्रमित मरीजों में 11 वेरिएंट्स के मिलने की पुष्टि हुई है, जिसमें तेजी से दुनिया भर में पैर पसार रहा एक्सबीबी वेरिएंट्स भी शामिल है।

चीन समेत लैटिन अमेरिकी देशों में कोरोना ने हाहाकार मचा दिया है। भारत में भले ही अभी का भयावह रूप नहीं दिख रहा है। भारत में बुधवार को 175 नए मामले दर्ज किए गए है। इस दौरान किसी भी कोरोना संक्रमित मरीज की मौत नहीं हुई है। देश भर में डेली पॉजिटिविटी रेट 0.09 फीसदी है। वहीं वीकली पॉजिटिविटी रेट 0.12 फीसदी है। देश भर में वैक्सीनेशन अभियान तेजी से चल रहा है।

## सर्दी का सितम! दिल्ली में सीजन की सबसे सर्द सुबह, पंजाब में रेड अलर्ट- अगले 48 घंटे रहेंगे भारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर भारत इस समय पूरी तरह से सर्दी की चपेट में है। देश की राजधानी दिल्ली इन दिनों ठंड से ठिठुर रही है। तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, आज सुबह सफदरगंज में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री दर्ज किया गया है, जो कि इस मौसम का सबसे कम है। ठंड से लोगों को हाल बेहाल है। जगह-जगह पर अलाक के सहारे लोग खुद को इस कंपकपाती ठंड से बचाने की कोशिश कर रहे हैं।



आईएमडी ने यह भी कहा है कि अभी स्थिति में कोई खास सुधार देखने को नहीं मिलेगा। हालांकि, आने वाले समय में राहत की उम्मीद जताई गई है। अगले 48 घंटे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ शीतलहर की चपेट में है। चंडीगढ़ का तापमान शिमला से भी कम दर्ज किया गया है। घनी धुंध और कोहरे का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने गुरुवार को पंजाब भर में रेड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान दिन भर शीतलहर चलने के साथ घना कोहरा छाया रहेगा। वहीं दिन के समय भी दृश्यता बहुत कम रहेगी। हालांकि शुक्रवार से प्रदेश के कई हिस्सों में कोहरे से राहत मिलने की उम्मीद है लेकिन इस दौरान सर्दी का कहर जारी रहेगा। उधर, हरियाणा में भी कड़ाके की सर्दी जारी है। आगामी कुछ दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में सर्दी जारी रहेगी। आईएमडी द्वारा जारी रेड अलर्ट को देखते हुए दिल्ली हवाईअड्डे ने गुरुवार को अपने सभी यात्रियों को अलर्ट कर दिया है। हवाई अड्डे ने कहा कि सभी फ्लाइट अभी पहले की तरह चल रही हैं। लेकिन विजिबिलिटी कम हो रही है। यात्रियों को अपने-अपने उड़ान की जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करने के लिए कहा गया है। आपको बता दें कि सोमवार और मंगलवार के बीच करीब 100 उड़ानें देरी से चलीं और कुछ को कोहरे के कारण डायवर्ट किया गया।